52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.8°c | अधिकतम 28.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:58 सूर्यास्त : 6:36 | वर्ष : 52/ अंक : 246 | बृहस्पतिवार, 05 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

हर कोई मुश्किल कार्य से बचता है, जबकि वे भूल जाता है जिन्दगी का हर पहलु एक इम्तेहान है। अक्सर सफलता वही लोग पाते हैं, जो कश्ती को समुन्द्र तक ले जाया करते हैं।

किसी ने भी बेटियों पर गंदी नजर डाली, तो वह अपने पैरों पर नहीं चल सकेगा : योगी आदित्यनाथ

गंदी नजर वालों में ये खौफ कायम रहना चाहिए.....

गाड़ियां खड़ी हैं घर, टोल पर खुद कट रहे हैं चालान

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। सुनने में कुछ बातें कभी कभी अजीब लगती हैं, मगर जब कोई चीज प्रत्यक्ष दिखाई दे रही हो तो शायद उसे प्रमाण की भी आवश्यकता नहीं रहती। कई बार यह शिकायतें आ चुकी हैं कि कुछ लोग टोल से गुजरते ही नहीं और टैक्स घर बैठे बैठे कट जाते हैं। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है कई बार ट्रैफिक विभाग द्वारा भी ऐसे चालान कट चुके हैं कि घर से बाहर वाहन निकला ही नहीं और अपनी मंशा के अनुरूप चालान काट दिया जाता है, हालांकि बाद में उक्त चालान में समाधान यह कहकर कर दिया जाता है कि पहले से ही नम्बर फीड था, इसलिए दोबारा चालान कट गया होगा। मगर ट्रैफिक विभाग के बाद अब टोल पर खुद ब खुद चालान कटने के मामले भी सामने आने लगे हैं।

ऐसा ही एक वाक्या यूपी12बीई 5114 गाड़ी के साथ चार सितम्बर 2024 को 19:11:44 पर फास्ट टैग द्वारा काट लिये गये और यह रकम 60 रुपये की रकम है, मगर बात 60 रुपये की नहीं है, कौन कब तक इस बात पर ध्यान देता रहेगा कि उसके फास्ट टैग से कब कितने पैसे उड़ गये और बड़ी बात यह है कि वह कहीं गया ही नहीं। गाड़ी घर से बाहर तक नहीं निकली तो 60 रुपये आखिर किस तरह से काट लिये गये, हालांकि ग्राहक को यह भी पता है कि 60 रुपये का दंड भुगतने वाले व्यक्ति के लिए बात 60 रुपये की नहीं थी, बात तो अन्य किसी आदमी का आर्थिक उत्पीड़न टोल टैक्स के नाम पर न हो, वह सजग करने के लिए मीडिया को उक्त जानकारी दी गई। अब यह जवाब तो टोल टैक्स पर बैठे पैसा काटने वाले या फास्ट टैग वाले ही दे पायेंगे कि आखिर उक्त धांधली चल कहां से रही है। फिलहाल तो इसकी शिकायत टोल व मीडिया दोनों पर कर दी गई है। अब देखना यह होगा कि अगले किसी व्यक्ति का इसी तरह से आर्थिक शोषण होता है अथवा उक्त विभाग इस ओर मामले का संज्ञान लेकर उस पर कोई कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वैसे तो ऐसे कार्यों के लिए फास्ट टैग से पैसे काटने वाले पर जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए, मगर शायद इस देश में ऐसे कानून कहां, यहां तो बस उपभोक्ताओं के दंडित होने के लिए नियम बनते हैं, उपभोक्ताओं के साथ फ्राड करने वालों के नहीं।



मंत्री कपिलदेव अग्रवाल व भाजपा नेताओं के गैर जमानती वारंट जारी

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। बिना अनुमति चुनावी सभा करने के मामले में कोर्ट ने प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल तथा कई भाजपा नेताओं के गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले की सुनवाई करते हुए पीठासीन अधिकारी देवेंद्र सिंह फौजदार ने बुधवार को कपिल देव अग्रवाल सहित सभी आरोपियों के गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। अभियोजन के अनुसार वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन व कोराना के चलते सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन व धार्मिक व सामाजिक व राजनैतिक आयोजनों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसका उल्लंघन करते हुए स्थानीय रामलीला टीला में चुनावी सभा किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद 11 जनवरी 2022 को मामला दर्ज किया गया था। इसमें चौकी क्षेत्र रामलीला टीला में ईश्वर खटीक के घेर भूरा देव मन्दिर के पीछे राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल निवासी थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर के समर्थन में शेखर राजपूत निवासी गऊशाला, राधे वर्मा निवासी रामलीला टीला एवं महामंत्री भाजपा, अजय सागर जिला उपाध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति में राज्य मंत्री द्वारा चुनावी सभा किए जाने की बात कही गई है। एमपी एमएलए विशेष अदालत ने मामले में हाजिर ना होने पर राज्यमंत्री समेत अन्य लोगों के गैर जमानती वारंट जारी कर दिए।

खुद ही रखना ध्यान, शुद्ध भोजनालय सलीम फिर हुआ संगम

कांवड़ यात्रा के दौरान संगम हो गए थे सलीम मगर हाईकोर्ट की रोक के बाद फिर दिख रहा वही रंग

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर के यशवीर महाराज से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड सरकार व मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नाम लिखने की घोषणा के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीनों सरकारों के आदेशों पर रोक लगाते हुए तीनों सरकारों की किरकिरी करा डाली थी।

जिसके बाद फिर एक बार नाम न लगाने का सिलसिला जारी हो गया था और मुजफ्फरनगर के ही रुड़की रोड स्थित एक होटल को फिर से सलीम की जगह संगम शाकाहारी भोजनालय कर दिया गया। ऐसे में अब मांसाहारी भोजन न करने वालों को खुद ही सावधान रहकर यह देखना होगा कि उन्हें कहां भोजन करना है कहां नहीं। सिर्फ शाकाहारी भोजन लिखे होने से भ्रम की स्थिति में न आयें और अपने धर्म कर्म की जिम्मेदारी खुद ही लें। क्योंकि अब सरकार भी इसमें आपकी कोई मदद न कर पायेगी, जिसका जी चाहेगा वह भ्रमित करने वाले नाम लिखकर आपको भी भ्रमित कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा लगाई गई रोक के 15-20 दिन बाद ही शामली जनपद के कांधला से शाकाहारी बिरयानी लिखकर मांसाहारी बिरयानी जमकर परोसी जा रही थी। जिसे खुद हरियाणा के लोगों ने ही रंगे हाथों पकड़ लिया था, उक्त मामले में भी यशवीर महाराज ने अपना हस्तक्षेप किया था और आम जनता को जगाने के लिए शाकाहारी भोजनालय लिखने वाले होटलों पर भगवान वराह का कैलेंडर एवं चित्र स्थापित करा दिया था, जिससे यह पहचान हो सके कि उक्त व्यक्ति कौन से धर्म से जुड़ा हुआ है। मगर इन सबके बावजूद भी शुद्ध शाकाहारी भोजन करने वालों को स्वयं ध्यान देना होगा कि शुद्ध शाकाहारी भोजन लिखने वाले वास्तव में आपको शाकाहारी भोजन परोस भी रहे हैं या नहीं। रुड़की रोड स्थित भोजनालय का तो मात्र प्रत्यक्ष उदाहरण मिला है, मगर ऐसे कई होटल फिर से आपको भ्रमित करने वाले नाम लिख रहे हैं, जिससे आपको साफ ऐसा अहसास कराया जायेगा कि जैसे यहां वास्तव में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा जा रहा हो।

पारदर्शी रसोई बनने का भी होना चाहिए कानून

मुजफ्फरनगर। चाहे कोई रेस्टोरेंट चलाये, चाहे कोई होटल या फिर कोई शुद्ध शाकाहारी भोजन लिखकर कोई सलीम ही ढाबे को क्यों न चला रहा हो। सबके लिए पारदर्शी रसोई का प्रावधान होना चाहिए। अंदर क्या पक रहा है, इसका पता या तो सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ग्राहकों को बाहर दिखना चाहिए या रसोई के चारों और शीशे लगे हों। विदेशों की बात करें तो वहां तो ढाबे या होटल चलाने से पहले कई इम्तहानों से गुजरकर रसोईये की नौकरी मिलती है। कौन रसोईया गर्मी में कब अपना आटा गूंदने के लिए अपने पसीने से ही आटा गूंद दे, यह तक भी जांच पारदर्शी होती है। इतना ही नहीं रसोईये की नाक में घास नुमा वस्तु डालकर यह चैक किया जाता है कि उसे उक्त मामूली सी घास नुमा चीज से एक बार नाक में देने के बाद कितनी छींक आती हैं। क्योंकि छींक के माध्यम से आपके भोजन में थूक तक जाती है। ऐसे में आपको कभी भी कहां से इन्फेक्शन लग जाये यह कोई भरोसा नहीं है, हालांकि इसके ठीक विपरीत भारतीय किचन में तो पैरों से आटा गूंदने की वीडियो भी कई बार वायरल हो चुकी हैं, मगर फिर वही बात यह तो भारत देश है, यहां सब कुछ हजम करने की आदत पहले से ही पड़ी हुई है। कुल मिलाकर पारदर्शिता की व्यवस्था सभी के लिए जरूरी होनी चाहिए। फिर वह होटल किसी भी जाति अथवा धर्म का व्यक्ति क्यों न चलाता हो, किसी की सेहत के साथ किसी भी जाति अथवा धर्म के व्यक्ति को खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है।

इंसानों को काटने वाले व्यक्ति को रस्सियों से बांधना पड़ा

▸ कुत्तों से काटने की मिली सूचना, मगर डॉक्टर ने किया रैबीज से इंकार

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। दिन निकलते ही शहर कोतवाली क्षेत्र के बकरा मार्किट से सटे चुंगी नम्बर दो पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसे देखकर एक बार के लिए सबका मन भर आया। एक युवक को रस्सियों से लोगों ने बांध रखा था और उक्त युवक खून से लथपथ पागलों जैसी हालत में दिखाई पड़ रहा था। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि उक्त युवक को कुत्तों ने काट लिया था, इसलिए वह आज कुत्तों जैसी हरकत ही करता मिला। किसी को पटकर काट लेने तो किसी पर हमला करने की वीडियो साफ तौर पर सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो प्रशासन तुरंत जागा और चुंगी नम्बर दो पर लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस भेजी गई। रस्सी से बंधे बंधे ही उक्त युवक को मशक्कत के बाद हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसकी प्रथम दृष्टया जांच के बाद उसे मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज रवाना कर दिया। प्रथम दृष्टया जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक अर्पण जैन का मानना है कि उक्त व्यक्ति की मानसिक हालत ठीक नहीं थी और उसके परिवार से उसकी पत्नी व परिजन भी साथ आये थे और उन्होंने भी यह स्वीकार किया कि उक्त व्यक्ति तरह तरह के नशे भी करने का आदी हो गया है। संभवतः नशे के कारण भी उक्त व्यक्ति की हालत ऐसी हो सकती है। यह भी बताना है कि यह व्यक्ति पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है यहां तक कि कुत्तों पर भी उक्त व्यक्ति ने हमला करने का प्रयास किया है। कुल मिलाकर यह स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो पाई कि उक्त व्यक्ति किस बीमारी से पीड़ित है, मगर रस्सियों से बंधे बेकाबू युवक की हालत देखकर घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्र हो गई थी और अधिकांश लोगों का यही मानना था कि जिस तरह की हरकतें उक्त युवक का रहा है, वह कहीं न कहीं कुत्तों के काटने का ही शिकार हुआ है।

हरिद्वार में चार करोड़ की लूट में पुलिस ने खतौली के ज्वैलर से की पूछताछ

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। हरिद्वार के ज्वैलरी शो रूम में चार करोड़ की लूट की घटना को लेकर छानबीन कर रही पुलिस आज खतौली पहुंची और एक सर्राफ से पूछताछ की। हरिद्वार के रानीपुर मोड स्थित श्रीबालाजी ज्वेलरी शोरूम में डकैती डालने वाले बदमाशों की तलाश में पांच राज्यों में वहां की पुलिस व सीआईयू के अलावा एसटीएफ की 11 टीमों ने डेरा डाल लिया है। बदमाशों के वाहनों के नंबर तस्दीक होने के बाद पुलिस राज्यों के अलग-अलग जिलों तक पहुंची और छानबीन की। रानीपुर मोड़ के पास अतुल गर्ग के श्रीबालाजी ज्वेलरी शोरूम में रविवार को हथियारबंद बदमाशों ने चार करोड़ की डकैती को अंजाम दिया था। बदमाश सोने-हीरे के आभूषणों को बैग में भरकर मिर्च वाला स्प्रे कर फरार हो गए थे। डकैती से पहले वह 29 अगस्त को हरिद्वार पहुंचे थे और ज्वालापुर के आश्रम में ठहरे थे। खुलासे को लगी टीम मंगलवार को खतौली पहुंची। टीम के साथ खतौली कोतवाली के भी पुलिस कर्मी मौजूद थे। टीम सीधा उस सुनार के पास पहुंची जिसको पिछले दिनों हरियाणा पुलिस अपने साथ ले गई थी। हरियाणा में भी इसी तरह से एक डकैती हुई थी। पिछले दिनों मेरठ में भी इसी तरह की डकैती हुई थी उस दौरान भी खतौली के सर्राफा बाजार में पुलिस ने दबिश दी थी। पुलिस पूछताछ के बाद वहां से चली गई।

चरथावल में दो बाइकों की जबरदस्त भिडंत, 2 की मौत, एक गम्भीर घायल

चरथावल, 04 सितम्बर (बु.)। जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम बिरालसी पुलिस चौकी के निकट थानाभवन मार्ग पर देर रात दो बाइकों के बीच जोरदार भिंड़त हो गई। भिंड़त में दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां पर दो युवकों की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अरुण पुत्र चिरंजी लाल (24) निवासी ग्राम ज्ञाना माजरा राजपूतान और शुभम कुमार (18) पुत्र महेश पाल कश्यप निवासी ग्राम धोलरा थाना तितावी दोनों की मृत्यु हो चुकी है और अतुल (22) पुत्र कृष्ण पाल निवासी ज्ञाना माजरा राजपूतान घायल अवस्था में है। पुलिस ने तीनों को अस्पताल भिजवा दिया है और मोटरसाइकिल चौकी पर लायी गयी है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है तथा दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

कब मिलेगी कुत्तों और बंदरों से निजात

मुजफ्फरनगर। बार बार एक ही बात दोहराने से कोई लाभ तो होता दिखाई नहीं पड़ता क्योंकि नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों का जब मन करता है, वह व्यवस्थाएं अपने हिसाब से ही संभालते हैं। या ये कहिए कि रोजाना ऐसे मामले देखकर अधिकारियों और नेताओं की मानवीय संवेदनाएं धीरे धीरे कम होती जा रही हैं, मगर ऐसे लोगों को लगातार जगाया न गया तो आये दिन कोई न कोई अनहोनी होती ही रहेगी। बड़ी बात यह है कि उक्त मामलों में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों के खिलाफ शासन भी कोई कार्यवाही करता दिखाई नहीं पड़ता। ऐसे में आम आदमी की तो बिसात ही क्या है, वह तो बस घर बैठे बैठे नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को कोस ही सकता है। मगर अब तो किसी के कोसने से भी कोई असर नहीं पड़ता, ऐसा कह लीजिए कि ढाक के तीन पात हैं। मगर फिर भी धीरे धीरे जनता के दिलों में यह बात तो जागने ही लगी है कि कम से कम मुजफ्फरनगर के नेता और विभागीय अधिकारी तो किसी काम के रहे ही नहीं है। जब तक उनके इर्द गिर्द कोई घटना नहीं होगी तब तक वे जागते हुए भी नहीं दिखाई देंगे। या फिर कोई शासन की गाज गिरे तब शायद कुछ दिन के लिए विभाग सतर्क हो जाये। अब यह विभाग कब जागेंगे, यह कह पाना तो मुश्किल है, फिलहाल आम जनता नगर ही नहीं पूरे जनपद में कुत्तों और बंदरों के आतंक से त्रस्त दिखाई पड़ती है।

अब मंडी समिति से बकाया 3.42 करोड़ वसूलेगी पालिका

▸ कृषि उत्पादन मंडी समिति की टैक्स कम की अपील खारिज ▸ मंडी सचिव ने टैक्स निर्धारण को ज्यादा बता, की थी आपत्ति

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। पालिका परिषद् ने अपने खजाने को बढ़ाने के लिए अब बड़े बकाएदारों को चिन्हित करने की पहल की है। इसमें सरकारी भवनों पर बकाया वसूलने की तैयारियों के बीच कृषि उत्पादन मंडी समिति को निशाने पर लिया है। मंडी समिति को पालिका के टैक्स विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के बकाया का बिल जारी करते हुए बकाया रकम 3.42 करोड़ की मांग की है। वहीं मण्डी समिति सचिव ने बिल जारी होने से पूर्व टैक्स निर्धारण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नौ बिन्दुओं पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए टैक्स कम करने की अपील की थी, जिसे सुनवाई के बाद टैक्स विभाग ने खारिज कर दिया है।

नगरपालिका परिषद् ने अपनी आय में बढ़ोतरी के लिए शुरू प्रयासों के बीच इसकी वसूली के लिए दबाव बनाने का काम शुरू कर दिया है। कृषि उत्पादन मंडी समिति को पालिका टैक्स विभाग द्वारा बकाया वसूली के लिए दबाव बनाने के बाद कृषि उत्पादन मण्डी समिति के सचिव कुलदीप सिंह द्वारा पालिका को पत्र भेजकर समिति की सम्पत्ति पर टैक्स निर्धारण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नौ बिन्दुओं के साथ अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए टैक्स कम करने की अपील की थी। उनकी अपील सुनवाई के बाद खारिज कर दिया गया।

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति सचिव की ओर से टैक्स ज्यादा लगाने की बात कहते हुए पत्र भेजा था, जिसे सुनवाई करते हुए खारिज कर दिया गया है। पूर्व में मंडी समिति की सम्पत्ति पर 8 करोड़ 39 लाख 56 हजार 353 रुपये का वार्षिक मूल्यांकन पालिका टैक्स विभाग की ओर से प्रस्तावित किया था। इस पर 21 अक्टूबर 2023 को उप निदेशक निर्माण द्वारा मंडी समिति का विवरण पुनः उपलब्ध कराकर नये सिरे से टैक्स निर्धारण की मांग की गई थी। इसी स्व घोषित संपत्ति के आधार पर पालिका ने पुनः गणनाकर 28 अक्टूबर 2023 को अंतिम रूप से कर निर्धारण करते हुए 3 करोड़ 43 लाख 8 हजार 244 रुपये की वार्षिक मूल्यांकन करते हुए टैक्स निर्धारित कर दिया था। उन्होंने बताया कि उप निदेशक निर्माण के स्व घोषित सम्पत्ति के आधार पर पालिका ने दोबारा वास्तविक मूल्यांकन निर्धारित किया जा चुका है, इसलिए ही मण्डी समिति सचिव की आपत्ति खारिज करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 तक का बकाया टैक्स का बिल मण्डी समिति का जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि मण्डी समिति की संपत्ति पर वार्षिक गृहकर व जलकर 68 लाख 61 हजार 648 रुपये बैठता है। इसमें 34 लाख 30 हजार 824 गृहकर और इतना जलकर शामिल है। वर्तमान में मंडी समिति पर टैक्स के रूप में 3 करोड़ 56 लाख 30 हजार 632 रुपये बकाया चल रहा है। इसमें 20 प्रतिशत छूट के साथ 3 करोड़ 42 लाख 58 हजार 302 रुपये का बिल मण्डी समिति का जारी कर दिया है। यदि 15 दिन की छूट अवधि में मण्डी समिति बिल जमा नहीं किया जाता है तो इस रकम पर 12 प्रतिशत सरचार्ज लागू कर वसूली की जायेगी।

रिश्ते का ताऊ करता रहा दुष्कर्म

परिवार वालों को तब यकीन आया जब वीडियो बनाकर भेजी

हल्द्वानी, 4 सितंबर (एजेंसी)। परिजनों से युवती को पत्नी की बीमारी का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए ताऊ ने मुजफ्फरनगर की युवती से हल्द्वानी के बनभूलपुरा में दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसकी शिकायत की तो घरवालों ने यकीन नहीं किया। जब दोबारा दुष्कर्म हुआ तो पीड़िता ने आरोपी का लाइव वीडियो बनाकर घर भेज दिया। इसके बाद परिजनों की शिकायतपर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार ग्राम छपार मुजफ्फरनगर निवासी पीड़िता को दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। पांच भाई-बहनों में एक युवती का कहना है कि उनके पिता रोडवेज में संविदा ड्राइवर हैं। बनभूलपुरा में रहने वाला जुबैर आलम उसके पिता का दोस्त था। जुबैर रोडवेज में ड्राइवर पद से रिटायर्ड हो चुका है। युवती ने बताया कि गत जुलाई में जुबैर उनके घर आया और पिता से बोला कि उनकी पत्नी बीमार रहती है, अपनी बेटी को हमारे घर काम करने के लिए भेज दो। पिता ने जुबैर पर यकीन कर उसे ताऊ कहलाने वाले जुबैर के साथ भेज दिया। आरोप है कि उसे हल्द्वानी आते समय बस में नींद आ गई तो जुबैर ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। इसके बाद घर पहुंचकर वह लंबे समय तक उसे हवस का शिकार बनाता रहा। 19 जुलाई को उसकी तबीयत खराब होने के बाद वह घर छपार गई तो घरवालों को सारी बात बताई। उन्होंने उसकी बातों का यकीन नहीं किया। 13 अगस्त को जुबैर फिर उसे हल्द्वानी ले आया। 10 दिन बाद जुबैर ने फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है उसके पास मोबाइल नहीं था। जिस कारण वह घर में शिकायत नहीं कर सकी। एक दिन मौका पाकर उसने जुबैर का मोबाइल लिया और उसकी गलत हरकत करते वीडियो बनाकर पहले जुबैर की पत्नी के मोबाइल पर भेजी। बाद में अपनी बहन को यकीन दिलाने के लिए भेजी। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपित पर दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अब टीपू भी देख रहे हैं सुल्तान बनने के सपने: योगी

लखनऊ, 4 सितंबर (वार्ता) समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिये बगैर तंज कसते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अब टीपू भी सुल्तान बनने के हसीन सपने देख रहे हैं।

उन्होंने अखिलेश के साथ साथ कांग्रेस वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुये कहकि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे। योगी बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यहां नियुक्ति पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। न जाति का भेद, न क्षेत्र का। केवल प्रतिभा और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। वहीं, पहले जनता ने जिन लोगों को अवसर दिया था उन्होंने अपनी अराजक और भ्रष्टाचारी गतिविधियों से पहचान का संकट खड़ा किया और फिर प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने का काम किया था। पहले जाति-जाति को लड़ाया, फिर मत और मजहबों को आपस में लड़ाने का काम किया। उत्तर प्रदेश महीनों दंगों की आग में झुलसता रहा। आज ये लोग फिर से अपना रंग रोगन बदलकर नए रूप में प्रदेश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं। योगी ने कहा कि 2017 के पहले जो लोग प्रदेश में लूट खसोट मचाए थे, आज जब उनके सपनों पर पानी फिर चुका है तो अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं। कई वर्ष पहले एक धारावाहिक आया था, मुंगेरीलाल के हसीन सपने। आज ये भी यही सपने देख रहे हैं। जब जनता ने इन्हें अवसर दिया था तब इन्होंने प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। यहां के युवाओं के सामने, व्यापारियों के सामने, उद्यमियों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त करते हुये कहा '' यदि आपमें योग्यता और क्षमता है तो आपका सेलेक्शन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे। जो लोग फिर भी बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाएंगे उनकी संपत्ति को कुर्क करके गरीबों में वितरित करने का भी काम करेंगे।''

बेटी पर बुरी नजर डालने वालों का कर देंगे हाल बेहाल: योगी

प्रयागराज,04 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मनचलों को चेतावनी देते हुये कहा कि किसी ने भी बेटी पर गंदी नजर डाली तो वह अपने पैरों पर नहीं चल सकेगा। मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर फूलपुर स्थित इफको में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण रोजगार एवं ऋण वितरण मेला में लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि राह चलती बेटी पर हाथ डालने का प्रयास किया तो उसके हाथ अलग होंगे, पैर अलग होंगे। बेटियों पर बुरी नजर डालने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। उनका चौराहों पर जुलूस निकलवाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि माफिया अगर सिर उठाने का काम करेगा तो उसे मिट्टी में मिलाने का काम करेंगे। यही कहने के लिए आया हूं कि जो बड़ी बड़ी घोषणा कर रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो माफिया के सामने कभी नाक रगड़ते थे। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। ये दंगाइयों और माफियाओं के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे। इन्हें बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा।

बोले अखिलेश... बना लो अलग पार्टी, चुनाव निशान रखो बुलडोजर

Akhilesh Yadav @yadavakhilesh

अगर आप और आपका बुलडोज़र इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर 'बुलडोज़र' चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। वैसे भी आपके जो हालात हैं, उसमें आप भाजपा में होते हुए भी 'नहीं' के बराबर ही हैं, अलग पार्टी तो आपको आज नहीं तो कल बनानी ही पड़ेगी।

यूपी में बुलडोजर बवाल थमने के बजाय बढ़ता जा रहा है। अखिलेश का योगी पर एकदम ताजा अटैक आया है। "अगर आप और आपका बुलडोजर इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर बुलडोजर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। वैसे भी आपके जो हालात हैं, उसमें आप भाजपा में होते हुए भी नहीं के बराबर ही हैं, अलग पार्टी तो आपको आज नहीं तो कल बनानी ही पड़ेगी।

दस लाख के नग उड़ाने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में दबोचे

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। बस से दस लाख रुपये के नगों का बैग उड़ाने वाले बदमाश आज शाम थाना नई मण्डी पुलिस के साथ मुठभेड़ में पकड़े गए। पुलिस ने12 घण्टे के अन्दर शत प्रतिशत बरामदगी के साथ चोरी की घटना का खुलासा करने का दावा किया है। एक क्रेटा गाड़ी, अवैध शस्त्र तथा चोरी किया गया करीब 10 लाख रुपये कीमत का सामान बरामद किया गया है।

▸ दो साथी हुए फरार, जयपुर के कारोबारी के दस लाख रुपये के नगों का बैग चुराया था

अनिल दुसाद पुत्र प्रेमगोपाल दुसाद निवासी शास्त्रीनगर, जयपुर सिटी, राजस्थान ने थाना नई मण्डी को सूचना दी थी कि 30 अगस्त को वह देहरादून से जयपुर जा रहे थे। मुजफ्फरनगर में सुखदेव ढाबे के पास खाना खाने के लिए बस रुकी। इसी दौरान अज्ञात द्वारा उसके बैग से जवाहरात चोरी कर लिये गये। आज देर रात्रि थाना नई मण्डी पुलिस टीम द्वारा सिसौना रोड पर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक क्रेटा गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो उसमें सवार बदमाश फायर कर भागने लगे। भागते बदमाशों पर की गई फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। दो बदमाश अंधेरा व ईख की फसल का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। घायल होने बाद गिरफ्तार अभियुक्त जाबिर खान पुत्र हुसैन खान और समीर पुत्र सत्तार दोनों निवासी खेरवा जागीर थाना मनावर जनपद धार, मध्य प्रदेश बताए गए हैं। उनके कब्जे से दो तमंचे, एक फर्जी नंबर प्लेट वाली क्रेटा गाड़ी तथा चोरी के करीब दस लाख रुपये मूल्य के पुखराज, मानिक, मूंगा, सेमी प्रिन्सियल स्टोन, जरकन, गौमेद, मोती, बीट्स, हरी लाल मालाएं बरामद की हैं।

मां शाकुम्बरी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी आनंदीबेन

सहारनपुर, 4 सितंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को यहां मां शाकुम्बरी देवी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। कुलपति प्रोफेसर एचएस सिह ने बुधवार को बताया कि श्रीमती पटेल 23990 छात्रों को प्रदान प्रदान करेंगी। इनमें 7459 छात्र, 16531 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमवार सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्त्ता 63 छात्रों को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें 12 छात्र और 51 छात्राएं हैं। प्रो. एचएस सिह इस यूनिवर्सिटी के पहले कुलपति हैं और एक साल पूर्व उनकी अगुवाई में ही पहला दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ था जिसमें राज्यपाल आनंद बेन पटेल ही शामिल हुई थीं। कुलपति के मुताबिक मुख्य अतिथि डा. पंकज मित्तल, महासचिव भारतीय विश्वविद्यालय संघ होंगे, प्रदेश के उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहेंगे। समारोह जनमंच गांधी पार्क में होगा। राज्यपाल आनंद बेन पटेल बुधवार शाम को सहारनपुर पहुंच जाएंगी और छह सितंबर को यहां से अमरोहा के लिए रवाना होंगी। उनका प्रवास सर्किट हाउस रहेग

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 04 सितंबर (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 05 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1666: इंग्लैंड के लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये। 1836: मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए। 1839: चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरूआत हुई। 1882: पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया। 1885: अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई। 1887: इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत। 1888: भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ। 1914: विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे। 1920: मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ। 1948 रॉबर्ट सुमन फ्रांस के प्रधानमंत्री बने। 1960: अमेरिकी मुक्केबाज मोहम्मद अली ने रोम ओलिंपिक्स में 175-पाउंड कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद उन्होंने प्रोफेशनल करियर चुना और नामी मुक्केबाज बन गए। 1962: भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म। पूरे भारत में प्रतिवर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 1969: पहली स्वचालित टेलर मशीन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के रॉकविल केंद्र में स्थापित की गई। 1977: नासा ने वोएजर-1 प्रोब को लॉन्च किया। यह आज तक पृथ्वी से सबसे दूर भेजी गई मानव निर्मित वस्तु है। 1980: दुनिया की सबसे लंबी टनल शुरू हुई। स्विट्जरलैंड की सेंट गोथार्ड टनल 10.14 मील (16.22 किमी) लंबी है। 1984: स्पेस शटल डिस्कवरी पहली अंतरिक्ष यात्रा से लौटा। 1991: भारतीय, व्यंग्य रचनाकार शरद जोशी का निधन हुआ था। 1991: दक्षिण अफ्रीका के प्रथम श्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। 1997: मिशनरी ऑफ चैरिटी की संस्थापक और नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा का कोलकाता में निधन। 2002:अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई घातक हमले में बाल-बाल बचे। 2005: मंडला एयरलाइंस का विमान 091 इंडोनेशिया में सुमात्रा के एक आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार 104 लोगों के अलावा आवासीय क्षेत्र के 39 लोगों की मौत हो गई। 2009:नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने दस कम्पनियों पर शेयर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगाया। 2011:भारतीय बैंक संघ और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा तैयार एटीएम के जरिए चेक निर्गम (क्लियर) करने की तकनीकी प्रणाली को अंतिम रूप दिया गया। 2014: गिनी, लाइबेरिया, नाइजीरिया, सेनेगल और सिएरा लियोन में इबोला वायरस से संक्रमित 1900 लोगों की मौत।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	73450	चांदी-	83650
सिक्का-	96000	गिन्नी-	54825

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 05 सितम्बर, 2024

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक- साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

शिक्षकों ने घेरा डीआईओएस कार्यालय, दिया धरना

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। माध्यमिक शिक्षक संघ के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को प्रदेश के अधिकांश जनपदों समेत मुजफ्फरनगर जिले में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के बैनर तले शिक्षकों और कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। शिक्षकों की 26 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित धरने के माध्यम से शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली, विद्यालयों का राजकीयकरण समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा।

डीआईओएस कार्यालय पर धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष राहुल कुशवाहा ने स्पष्ट कहा कि शिक्षकों की मांगें कई वर्षों से लंबित चली आ रही हैं, जिन पर सरकार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ऐसे में सरकार को चेताने के साथ शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है। उन्होंने ज्ञापन में प्रदेश के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करने, पुरानी पेंशन लागू करने और शिक्षकों के लिए केशलेस चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा देने की मांग की। इसके अलावा शिक्षकों व प्रधानाचार्यों के ऑनलाइन स्थानांतरण की व्यवस्था, भ्रष्टाचार रोकने के लिए ई-फाइलिंग और सिटीजन चार्टर लागू करने और जीपीएफ खातों का ऑनलाइन रखरखाव को भी सुनिश्चित करने की अपील की। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर के इन शिक्षकों ने प्रांतीय आह्वान पर 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को डीआईओएस की गैर मौजूदगी में ऐसे में सह जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेंद्र त्यागी को सौंपा। इससे पूर्व संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर दोपहर 1 बजे से धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से संगठन के जिला संयोजक समीर चौधरी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मलिक, संरक्षक यशपाल सिंह एवं बबीता राणा, शालिनी सिंह, डॉ. रवि कुमार, कपिल त्यागी, योगेश भंडारी, डॉ. दीपक गर्ग, अमित कुमार, अक्षय कुमार, विपिन कुमार, अंजलि गर्ग, बाकर हुसैन, सुनील तोमर, प्रीत वर्धन, संतोष सिंह, मनोज शर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग किया।

जिला स्तरीय भारोत्तोलन टीम का स्टेडियम में किया चयन

मंडल में 6 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। जिला स्तरीय अंडर-19 आयु वर्ग सीनियर और अंडर-17 आयु वर्ग जूनियर बालक भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जिले के 10 खिलाड़ी छात्र चयनित किए गए। उक्त चयनित सभी खिलाड़ी आगामी 6 सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज सहारनपुर में आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता में जनपद की ओर से प्रतिभाग करेंगे।

जिला क्रीड़ाधिकारी भूपेन्द्र सिंह यादव के सहयोग से स्पोटर्स स्टेडियम में विजय कुमार शर्मा प्रधानाचार्य दीपचंद ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर के निर्देशन में जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 संवर्ग में खिलाड़ी छात्र रोहित कुमार जनता इंटर कॉलेज भोपा, आर्यन कुमार किसान इंटर कॉलेज खरड़, शकील अहमद इस्लामिया इंटर कॉलेज एवं मोंटी तोमर डीएवी इंटर कॉलेज प्रथम रहे। वहीं अंडर 17 संवर्ग में प्रियांशु जनता इंटर कॉलेज भोपा, मौहम्मद जैद इस्लामिया इंटर कॉलेज, आर्यन कुमार किसान इंटर कॉलेज खरड़, आर्यन शर्मा दीपचंद ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज, हरि कुमार एसडी इंटर कॉलेज और शकील अहमद इस्लामिया इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर प्रथम रहे। संयोजक और प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने बताया आगामी 6 सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज सहारनपुर में मण्डल स्तर पर भारोत्तोलन प्रतियोगिता होगी। जिसमें ये सभी खिलाड़ी छात्र प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन व जिला स्तरीय चयन ट्रायल में राहुल राणा, राहुल कुशवाहा, सत्यकाम तोमर, शुभम पाल, आकाश कुमार, अक्षय और रमेश क्रीडा शिक्षकों के साथ ही स्पोटर्स स्टेडियम की कोच रेणु रानी ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उनको खेल भावना से भी परिचित कराया।

मंडल स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता को टीम गठित

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडी में जनपदीय हैंडबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग का आयोजन शारीरिक शिक्षिका बबीता राणा के निर्देशन में किया गया, जिसका शुभारंभ शैली रंजन द्वारा किया गया। कॉलेज के खेल मैदान में संपन्न हुई हैंडबॉल प्रतियोगिता में वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इन छात्राओं का चयन मंडल स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसका आयोजन शामली मंडल में आगामी 8 सितंबर 2024 को होगा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सत्यकाम तोमर, राहुल कुशवाहा ने निर्णायक की भूमिका निभायी। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमोद कुमार, गया प्रसाद, अक्षय कुमार, रचना रावत, प्रियंका शर्मा, अनुभा, सुमन, अंजलि, सरस्वती आदि का विशेष योगदान रहा।

श्रीराम कॉलेज के 15 छात्र-छात्राओं को मिलेगा स्वर्ण पदक, 68 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया विश्वविद्यालय मेरिट सूची में स्थान

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर जारी की गई यूनिवर्सिटी टॉपर्स की मेरिट लिस्ट में श्रीराम कॉलेज के विभिन्न संकाय के 15 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक तथा 68 विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त किया।

साथ ही चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रा वंगिशा ने एमएफए पाठयक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के अनुसार श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्नातक स्तर में छात्रा नेहा कुमारी (81.57 प्रतिशत), बीवॉक यौगिक साइंस के छात्र प्रभात त्यागी (70.50 प्रतिशत) बीएससी (बायोटैक्नोलॉजी) की छात्रा श्रीया गर्ग (74.81 प्रतिशत) बीएससी (माइक्रोबायोलॉजी) के छात्र अब्दुल वाहिद (78.48 प्रतिशत) तथा बीसीए पाठयक्रम की छात्रा रिया वर्मा (79.94 प्रतिशत) वही परास्नातक पाठयक्रम एमजेएमसी की छात्रा ग्रेसी राज ने (83.7 प्रतिशत), ललित कला संकाय में, एमएफए ड्राईंग एंड पेंटिंग पाठ्यक्रम की छात्रा सदफ (88-5 प्रतिशत), एमएफए एप्लाईड आर्ट्स पाठ्यक्रम की छात्रा युक्ता सैनी (90.2 प्रतिशत), एमएफए फैशन डिजाइनिंग पाठ्यक्रम की छात्रा अनम खान (86-55 प्रतिशत) और एमएफए टैक्सटाईल डिजाईनिंग की छात्रा सोनी श्रीवास्तव (90.20 प्रतिशत), एमएससी होमसाइंस (होम मैनेजमेंट) पाठयक्रम की छात्रा आलिया काजमी (80.30 प्रतिशत), एमएससी होमसाइंस (टेक्सटाइल एंड क्लोथिंग) की छात्रा आफिया (84.65 प्रतिशत), एमएड पाठयक्रम की छात्रा विदिशा (79 .56 प्रतिशत), एमपीएड पाठयक्रम के छात्र मानव त्यागी (90.25 प्रतिशत), एमएससी (माइक्रोबायोलॉजी) के छात्र मौ. आमिर (83.90 प्रतिशत) अंकों को प्राप्त कर 05 सितम्बर 2024 को मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में आयोजित होने वाले द्वितीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों की फेहरिस्त में अपना स्थान पक्का किया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी श्रेष्ठता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध शैक्षिक संसाधन एवं सुविधाओं के साथ-साथ पुस्तकालय में उपलब्ध उच्च कोटि के लेखकों की पुस्तकों को दिया।

प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाना और कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल जी से पुरस्कार प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक स्वर्णीम पल होता है। निदेशक डा. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। ललित कला विभाग के निदेशक डा. मनोज धीमान ने कहा कि ललित कला विभाग पिछले कई वर्षों से निरंतर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में शीर्ष पर बना हुआ है। रवि गौतम ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि पत्रकारिता एवं जनसंचार की छात्राएं हर वर्ष स्वर्ण पदक जीत रही हैं।

स्वर्ण पदक के साथ एमएफए छात्रा वंगिशा

पुरकाजी कस्बे में रोडवेज बसें न जाने की शिकायत लखनऊ पहुंची

- अब परिवहन निगम ने कस्बे के अन्दर से बसें निकालने के दिए आदेश

छपार, 4 सितम्बर (बु.)। पुरकाजी बाईपास बनने के बाद रोडवेज बसों के पुरकाजी कस्बे से न निकलकर बाईपास से चालकों द्वारा बसें निकालने से परेशान पुरकाजी क्षेत्र के लोगों की शिकायत के चलते राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नेता नदीम अहमद ने लखनऊ पहुंचकर अपर प्रबंध निदेशक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग रखी। जिसके बाद अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने जीएम संचालन को परिवहन निगम की रोडवेज बसें पुरकाजी कस्बे से होकर निकालने के आदेश किए हैं। कई वर्ष पूर्व पुरकाजी कस्बे को बचाकर बाईपास निकाला गया था, जहां से लंबे रूट की जाने वाले हरिद्वार, देहरादून, ऋषिकेश, दिल्ली आदि की रोडवेज बसें पुरकाजी कस्बे से न निकालकर बाईपास से निकलती रही, जिसके चलते पुरकाजी नगर व क्षेत्र के हजारों की संख्या में यात्री परेशान होते चले आ रहे थे। भाजपा नेता नदीम अहमद ने लखनऊ पहुंचकर परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा आईएएस से मिलकर उनको पुरकाजी क्षेत्र के लोगों की समस्या के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा तथा मांग रखी कि रोडवेज बसें पुरकाजी कस्बे से होकर निकलने से राजस्व की भी जहां बढोतरी होगी, वहीं पुरकाजी नगर व क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को भी लाभ पहुंच सकेगा। नदीम अहमद के अनुसार अपर प्रबंध निदेशक ने उक्त समस्या को गंभीरता से लेकर लखनऊ के जीएम संचालन को परिवहन निगम की बसें पुरकाजी कस्बे से होकर निकालने को निर्देशित किया है। जिससे अब क्षेत्र के लोगों को राहत की उम्मीद जगी है। अभी तक दिल्ली, देहरादून जाने वाले क्षेत्र के लोगों को बाईपास पर जाकर वहां खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर होना पड़ता था।

त्रस्त महिला एसपी सिटी से मिली

छपार, 4 सितम्बर (बु.)। पुरकाजी थाना क्षेत्र के नूरनगर गांव निवासी महिला ने एसपी सिटी से मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। महिला अंजू शर्मा पत्नी सुनील शर्मा ने एसपी सिटी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 अगस्त को दोपहर में वह मुजफ्फरनगर में एसएसपी से मिलने के बाद वापिस पुरकाजी होकर अपने पुत्र वासू व जिठानी ब्रिजेश के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रही थी। धमाल नहर पुल के पास के ही सोनू, अमित, गोकुल आदि लोगों ने उन्हें रोक लिया तथा गाली गलौच, दुर्व्यवहार कर उसके साथ अश्लदता की। महिला का आरोप है कि पुरकाजी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जोधा ने भी थाने पहुंचकर पुलिस से कार्यवाही का अनुरोध किया, लेकिन पुलिस ने उनकी भी नही सुनी। तब पीड़िता मुजफ्फरनगर जाकर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत से मिली।

खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी B.T.C. वर्ष 2004 द्विवर्षीय प्रशिक्षण की सनद वास्तव में कहीं खो गयी है।

भावना रानी
पुत्री श्री राम सिंह, कैराना
मो. 9910618980

वंदना वर्मा ने चार सड़कों का लोकार्पण किया

मीरापुर, 04 सितम्बर (बु.)। एमएलसी वंदना वर्मा ने अपनी विकास निधि से नव निर्मित गांव कुतुबपुर में दो सीसी रोड व चितौड़ा तथा रोनी हरजीपुर में भी एक-एक सीसी रोड का लोकार्पण किया। वंदना वर्मा ने बताया कि गांवों की सड़के बेहद क्षतिग्रस्त थी तथा ग्रामीणों की मांग पर स्वंय की निधि से व जिला पंचायत निधि से सड़कों का निर्माण कराया गया है। लोकार्पण के दौरान इंदर सिंह कश्यप, जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल, रवि शर्मा, सुरेश पाल, नरेंद्र गिरी, साजिद प्रधान, सुरेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

बालिका वर्ग की जनपदीय ताईक्वांडो टीम गठित

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। डीएवी इंटर कॉलेज में बालिका वर्ग की जनपद स्तरीय ताईक्वानडो प्रतियोगिता आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की शारीरिक शिक्षिका प्रीति शर्मा के निर्देशन में आयोजित की गई। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज प्रधानाचार्या कुसुमलता व कैप्टेन बबीता राणा ने किया। प्रतियोगिता में सभी छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। चयनित हुई छात्राओं की शिक्षिका 7 सितंबर में मंडल ताईक्वानडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अपनी पात्रता गुरूवार तक आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में जमा करानी होगी। इस प्रतियोगिता में आर्य कन्या पाठशाला, जैन कन्या इंटर कॉलेज मंडी, होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज, जैन कन्या शहर, एसडी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज सहित कई कॉलेजों ने प्रतिभाग किया। छात्राओं में अंडर 14 आयु वर्ग में मुख्य रूप से वाशी, दिव्यांगी, पावनी, प्राची, सृष्टि, इतिका, तनु, खुशी, सृष्टि अक्षिका, वंशिका, दीपांशी, अवंतिका, वंशिका, राधिका और सारिका को मंडल स्तर पर खेलने का मौका मिला।

होली एंजिल्स कॉन्वेंट स्कूल में अन्तरविद्यालय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। होली एंजिल्स कॉन्वेंट स्कूल में एक अंतरविद्यालयीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था शिक्षक की लुप्त होती छाया। विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के द्वारा अत्यंत मनमोहक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गए। प्रतियोगिता में जिले के सात प्रमुख विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया। सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और अभिनय कौशल से नाटक के संदेश को सभी तक पहुंचाया। निर्णायक मंडल में डॉ रश्मि प्रवक्ता (हिंदी), एसडी इंटर कालेज मुजफ्फरनगर, छवि खरे, कार्यवाहक प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपा व मदनपाल, असिस्टेंट प्रोफेसर एसडी डिग्री कॉलेज रहे। निर्णायक मंडल ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने अपने नाटकों के माध्यम से शिक्षकों के महत्व और उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एसडी पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर, द्वितीय स्थान एमजी पब्लिक स्कूल व तृतीय स्थान गोल्डन पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या सिस्टर जूली ने सभी विद्यालयों के प्रति आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को सृजनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने विजेता रही टीमों को वैजयंती और सभी प्रतियोगी टीमों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सभी को जलपान प्रदान कर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के माध्यम से किया गया।

गोल्डन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया शिक्षक का महत्व

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 4 सितंबर 2024 को होली एंजिल्स कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई, जिसका शीर्षक- शिक्षक एक लुप्त छाया था। उन्होंने नाटक के माध्यम से बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और संसाधनों के आगमन में जहां छात्रों के लिए नए-नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं शिक्षकों की भूमिका को धीरे-धीरे सीमित कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों की यह लुप्त होती छाया हमारे भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए इस मुद्दे पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उन्हें अपने जीवन में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

कुतुबपुर के जंगल से भैंसा चोरी

मीरापुर, 04 सितम्बर (बु.)। ग्राम कुतुबपुर के जंगल मे चारा लेने गए किसान का अज्ञात चोरों ने भैंसा चोरी कर लिया। पीड़ित किसान ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मीरापुर थाना क्षेत्र के गाँव कुतुबपुर निवासी सुखबीर पुत्र फत्तू ने बताया कि बीती 25 अगस्त को अपने खेतों पर गया था तथा भैंसा बुग्गी को रास्ते पर रोककर खेत में काम कर रहा था। आरोप है कि चोर वहां से उसका भैंसा चोरी करके ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए भैंसे की कीमत करीब 50 हजार रुपये थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी।

श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलेज, खतौली (मुजफ्फरनगर)

श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलेज, खतौली (मुजफ्फरनगर) की साधारण सभा के सभी माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आपकी उक्त संस्था की प्रबंध समिति का चुनाव विभाग द्वारा अनुमोदित प्रशासन योजना की प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 15-09-2024 को विद्यालय परिसर में चुनाव अधिकारी द्वारा निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक, मुजफ्फरनगर द्वारा श्री अरविन्द कुमार निश्चिंतक, एडवोकेट, अंकित विहार, मुजफ्फरनगर को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

चुनाव कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्य का नाम	दिनांक	समय
01	साधारण सभा के सदस्यों की सूची का प्रकाशन	15-09-2024	प्रातः 9:00 बजे
02	साधारण सभा के सदस्यों की सूची पर आपत्ति	15-09-2024	प्रातः 9:00 से 9:30 बजे तक
03	आपत्ति पर सुनवाई एवं निर्णय	15-09-2024	प्रातः 9:30 से 10:00 बजे तक
04	अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन	15-09-2024	प्रातः 10:00 बजे से 10:30 तक
05	नामांकन पत्र प्रस्तुत करना	15-09-2024	प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक
06	नामांकन पत्रों पर आपत्ति एवं निर्णय	15-09-2024	अपराह्न 12:00 से 12:30 बजे तक
07	वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन	15-09-2024	दोपहर 12:30 से 1:00 बजे तक
08	नामांकन पत्रों की वापसी	15-09-2024	दोपहर 1:00 से 1:15 बजे तक
09	अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन	15-09-2024	दोपहर 1:15 से 1:30 बजे तक
10	चुनाव चिह्न आवंटन (यदि आवश्यक हो तो)	15-09-2024	दोपहर 1:30 से 1:45 बजे तक
11	मतदान (यदि आवश्यक नहीं है तो चुनाव परिणाम की घोषणा)	15-09-2024	दोपहर 1:45 से 2:15 बजे तक
12	मतगणना	15-09-2024	दोपहर 2:15 से 2:45 बजे तक
13	सदस्य चुनाव परिणाम	15-09-2024	दोपहर 2:45 से 3:00 बजे तक
14	चुने गए सदस्यों द्वारा प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यक्ति का चुनाव	15-09-2024	दोपहर 3:00 से 3:30 बजे तक
15	उपरोक्त चुने गए सदस्यों द्वारा अपने में निम्नांकित पदाधिकारियों का चुनाव 1- अध्यक्ष 2- उपाध्यक्ष 3- प्रबंधक 4- उपप्रबंधक 5- कोषाध्यक्ष	15-09-2024	दोपहर 3:30 से 4:30 बजे तक
16	पदाधिकारियों का चुनाव परिणाम	15-09-2024	सायं 4:30 बजे से 5:00 तक

हरशरण गुप्ता (प्रबंधक)
श्री देवी मंदिर कन्या इण्टर कॉलेज,
खतौली (मुजफ्फरनगर)

(अरवि

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

योगी, अखिलेश और बुलडोजर

योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव के गोरखपुर की ओर बुलडोजर करने के बयान पर कहा कि बुलडोजर पर हर आदमी के हाथ फिट नहीं बैठते। योगी आदित्यनाथ ने और भी कई कटाक्ष अखिलेश यादव पर किए, जवाब में अखिलेश यादव भी चुप नहीं बैठे। बुलडोजर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर को लेकर विधि सम्मत टिप्पणी की, योगी आदित्यनाथ सरकार के विरुद्ध कोई टिप्पणी नहीं की, इतना कहा कि अगर कोई दोषी है, तो भी उसके वैध निर्माण को नहीं गिराया जा सकता, साथ ही यह भी कहा कि हम अवैध निर्माण को संरक्षण देने की बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन कुछ नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की अपनी अधिक बुद्धि से व्याख्या की है, वे ऐसा कह रहे हैं, जैसे कि कोर्ट ने अवैध निर्माण करने वालों को बुलडोजर न चलने की गारंटी दे दी हो। सच यह है कि अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलता ही रहेगा, रुकेगा नहीं, लेकिन वैध निर्माण चाहे किसी दोषी का भी हो नहीं गिरेगा, यह पहले ही से होता आया है। अन्य राज्यों में कुछ गलत भी हुआ होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश में जहाँ भी बुलडोजर चला है विधि सम्मत चला है। ऐसा विमर्श गढ़ने की कोशिश हो रही है कि यह सरकार एक वर्ग विशेष को निशाना बना रही है और नेताओं का एक वर्ग विशेष उनके पक्ष में खड़ा है, जबकि अपराधियों के खिलाफ ही यह कार्रवाई हुई यह अलग बात है कि उन अपराधियों में अधिकतम अपराधी या अपराध आरोपी एक वर्ग विशेष के हों। कोर्ट किसी भी मामले के सभी पहलुओं को देखता है। कोर्ट निचले दर्जे की राजनीति को भी पकड़ लेता है। पिछले दिनों विभिन्न न्यायालयों ने निचले दर्जे की राजनीति करने वाले नेताओं और दलों को फटकार लगाई थी। बुलडोजर को लेकर राज्य में कई दिनों से निचले दर्जे की राजनीति चल रही है, जबकि आम जनता बुलडोजर कार्रवाई से खुश है। यह तो स्वाभाविक है कि जिसका अवैध निर्माण गिरेगा, वो बिलबिलाएगा ही। अखिलेश यादव ने कहा, 2027 में समाजवादी सरकार बनते ही पूरे प्रदेश के बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की तरफ होगा। अखिलेश ने ये बातें मंगलवार को लखनऊ में पार्टी के मुख्यालय में कहीं, उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अखिलेश ने कहा कि यूपी में जबसे बीजेपी की सरकार सत्ता में आई हैं प्रदेश हर स्तर पर पिछड़ता चला गया है। विकास पूरी तरह रुक गया है। जनता महंगाई, भ्रष्टाचार से त्रस्त है। बीजेपी की राजनीति को खत्म करने में पीडीए एक मजबूत भरोसा साबित हुआ है। संविधान और आरक्षण के मुद्दे को और धार देना हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना का होना आवश्यक है। सपा इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है। बीजेपी का राजनीतिक चरित्र ही विकास विरोधी है। पिछले सात सालों में बीजेपी ने विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया है और न ही उसके नेतृत्व के पास विकास का कोई विजन है। बीजेपी का एजेंडा समाज में नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव बिगाड़कर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करना है। सपा का कार्यकर्ता बीजेपी के इन मंसूबों को कभी भी पूरा नहीं होने देगा। अखिलेश के मंगलवार को दिए इन बयानों के बाद मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अखिलेश यादव को जवाब दे दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुलडोजर पर हर एक व्यक्ति का हाथ सेट नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि दंगाइयों के आगे नतमस्तक होने वाले लोग ये नहीं कर सकते हैं। बुलडोजर चलाने के लिए हिम्मत चाहिए। बुलडोजर चलाने के लिए दिल और दिमाग होना चाहिए। साथ ही, सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में लूट मची हुई थी। पहले नौकरी के नाम पर वसूली की जाती थी। मुख्यमन्त्री ने कहा कि 2017 से पहले जो लोग लूट खसोट करते थे, वे अब बातें बनाते हैं, अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं। एक धारावाहिक आया था मुंगेरी लाल के हसीन सपने। इन्हें जब मौका मिला, तो इन्होंने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, अब 2027 के सपने देख रहे हैं। सीएम ने साफ कहा कि कुछ लोगों को सिर्फ देखने की आदत होती है। वे सरकार बनाने का सपना देख सकते हैं। उन्होंने पूर्व की सरकारों के समय में माफियाओं और अपराधियों के बढ़े मनोबल का जिक्र करते हुए सवालिया लहजे में तंज कसा कि अपराधियों के आगे नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे? ये लोग दंगाइयों के आगे नाक रगड़ते हैं। इन बयानों के बाद अखिलेश यादव ने फिर प्रतिक्रिया दी, अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए कहा है कि अगर आप और आपका बुलडोजर इतना ही सफल है, तो अलग पार्टी बनाकर बुलडोजर चुनाव चिह्न लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। वैसे भी आपके जो हालात हैं, उसमें आप भाजपा में होते हुए भी नहीं के बराबर ही हैं, अलग पार्टी तो आपको आज नहीं, तो कल बनानी ही पड़ेगी। सीएम योगी ने दिल दिमाग और जिगर की बात कही, तो अखिलेश ने कहा कि ये लोग असंवैधानिक काम करते हैं, लोगों को नीचा दिखाने के चक्कर में उन्होंने बुलडोजर चलवा दिया। क्या सरकार इसके लिए माफी मांगेगी? अखिलेश यही नहीं रुके योगी के बयान पर उन्होंने कहा कि बुलडोजर में दिमाग नहीं स्टीयरिंग होता है, दिल्ली वाले कब किसका स्टीयरिंग बदल लें या जनता खींच लें, पता नहीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश की सरकारी नौकरी के लिए चयनित युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर बांटते समय भी अखिलेश पर कटाक्ष किए। सीएम ने चयनित युवाओं को कहा कि आपकी प्रतिभा है, आपका सिलेक्शन हो गया। आपकी क्षमता थी, आपका सिलेक्शन हो गया, आपकी योग्यता और क्षमता के बाद भी अगर कोई बैरियर बनता, उसी बैरियर को हटाने के लिए तो हम लोग हैं, ये मंच है। उसी बैरियर को हटाने के लिए हम लोग यहां पर आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम प्रदेश को युवाओं को आगे भी आश्वस्त करते हैं कि उनकी योग्यता और क्षमताओं के आगे अगर कोई बैरियर बनेगा, उस बैरियर को हटाएंगे, उस बैरियर को तोड़ेंगे और जो लोग फिर भी बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाएंगे, तो उनकी संपत्ति को कुर्क कर गरीबों में वितरित करने का काम भी करेंगे।

चार तीर

सुनील उत्सव

"जमाना" "दिल" "दौलत" "लहजा"

बुरा ये भी, बुरा वो भी, सभी में है कमी कोई,
जमाना कुछ भी हो चाहे, तू अपना दिल न काला रख।
करोड़ों का है मालिक तू, के अरबों का किसी को क्या?
नयी दौलत भले ही हो, मगर लहजा पुराना रख।

वक्फ बोर्ड को भंग करने की मांग लेकर सड़कों पर उतरे मराठा

- बढ़ती जनसंख्या व बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। देश में बढ़ती मुस्लिम आबादी पर अंकुश, वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध रूप से कब्जाई जा रही संपत्तियां तथा अवैध रूप से घुसे करोड़ों बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को देश से बाहर किए जाने की मांग करते हुए बुधवार को शिवसेना शिंदे गुट व क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर में जुलूस निकाल कलेक्ट्रेट पहुंच प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। बारिश भी कार्यकर्ताओं के जोश को कम करने में विफल साबित हुई। पूर्व घोषित कार्यक्रम के बीच बुधवार को शिवसेना शिंदे गुट के सैंकड़ों कार्यकर्ता भगवा ध्वज के साथ बुलंद नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट में पहुंचे और जनसंख्या नियंत्रण की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि देश में मुस्लिम आबादी विस्फोटक रूप से बढ़ रही है। इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि मुसलमानों की जो आबादी 1950 के दौरान महज साढ़े तीन करोड़ थी वह 70 सालों के भीतर दस गुनी रफ्तार से बढ़ते हुए 35 करोड़ से अधिक हो गई है, जबकि हिंदुओं की जनसंख्या जो आजादी के समय 30 करोड थी वह आज मात्र 3 गुना बढ़कर 90 करोड़ तक हुई है। मुस्लिम आबादी देशहित के लिए गंभीर खतरा है, जिस पर अंकुश लगाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड हिन्दू संपत्तियों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है। वक्फ बोर्ड ने हिन्दू समुदाय की आबादी वाली कई कॉलोनियों व बाजारों की कीमती संपत्तियों पर कब्जा कर उन पर अपना अधिकार जमा लिया है।

उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में संशोधन के बजाय बोर्ड को सिरे से खत्म किया जाना जरुरी है। इसके अतिरिक्त देश में अवैध रूप से घुसपैठ किए रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी को बाहर करने की भी मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से महामंडलेश्वर संजीव शंकर, मुकेश त्यागी, शरद कपूर, आनंद प्रकाश गोयल, पूनम अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, आलोक अग्रवाल, शालू चौधरी, देवेंद्र चौहान, संजय आर्य, अनुज चौधरी, संजीव वर्मा, अमित गुप्ता, नरेन्द्र ठाकुर, राजन वर्मा, भुवन मिश्रा, आशीष मिश्रा, चेतन देव, जोगिंदर सैनी, नरेश सैनी, अजय सैनी, ललित रुहेला, पिंकू कश्यप, नीरज सैनी, बृजपाल कश्यप, मानुज कश्यप, मिंटू मेहरा, अमित शर्मा, सुनीता, रश्मि, पिंकी तिवारी, कमलेश, राखी, सुरेश, राकेश आदि मौजूद रहे।

जनपद के चयनित जेई को वितरित किए नियुक्ति पत्र

- एमडीए सभाकक्ष में संपन्न हुए कार्यक्रम में सीएम कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। योगी सरकार के शुरू हुए नौकरी अभियान के तहत बुधवार में अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस बीच युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का साक्षी मेरठ रोड का एमडीए सभाकक्ष बना, जहां पर संपन्न कार्यक्रम में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर ईमानदारी से सेवा करने के लिए भी प्रेरित किया। सभाकक्ष में अभ्यथियों संग जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के दौरान सीएम योगी का अभिभाषण भी सुना। मेरठ रोड एमडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम के बारे में डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में किया गया। इस क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर के एमडीए

सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम व लखनऊ से लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष लोकदल संदीप मलिक के साथ सीडीओ संदीप भागिया, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा से रवि कुमार, उपाध्यक्ष उद्योग जैस्मिन, एएमए जिला पंचायत पवन कुमार गोयल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं डीएम ने जिले में चयनित अवर अभियंता के पद पर नियुक्त अभ्यार्थी रोहित कुमार, जयपाल सिंह, राजवीर सिंह, केशोराम, सचिन देव धीमान, निर्देश कुमार, अंकुश कुमार, निशु तोमर आदि को मंच पर बुलाकर नियुक्ति पत्र वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की।

एसडीएम सदर से मुलाकात कर की समस्याओं के समाधान की मांग

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। सदर तहसील में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मोहम्मद शाहआलम ने संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी संग एसडीएम सदर निकिता शर्मा से मुलाकात करते हुए कुछ दिन पूर्व दिए गए ज्ञापन के संबंध में वार्ता की गई और साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में भी एसडीएम सदर से बातचीत की गई। बातचीत के पश्चात चौ. शाहआलम ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हमारे संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा कुछ समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया गया था, उन्ही समस्याओं के सिलसिले में आज एसडीएम सदर से मुलाकात की गई और उन समस्याओं के निस्तारण के बारे में जाना गया।

भाजपा नेता ने कुश्ती प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारंभ

मोरना, 4 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव भुवापुर में चल रहे मेले में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन युवा भाजपा नेता ने फीता काटकर किया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं व पहलवानो ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव भुवापुर में चल रहे मेले में बुधवार को कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने फीता काटकर करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उनको विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारा जा सकता है। सरकार के द्वारा खेलों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से युवाओं को स्वस्थ बनाने में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से वीरेन्द्र सिंह, राणा प्रताप प्रधान, पीतम सिंह, नरदेव, सतीश, भानसिंह खेमसिंह, पुनीत खोकर, बिन्नू राठी आदि मौजूद रहे।

अब सकल जैन युवा समाज उठाएगा समाज के ज्वलंत मुद्दे

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। जैन अतिथि भवन प्रांगण में सकल जैन समाज व नगर के सभी श्री दिगम्बर जैन मंदिरों के श्रावकों की संपन्न बैठक में करीब 250 व्यक्तियों ने प्रतिभाग लिया। बैठक में एक राय होकर सकल दिगम्बर जैन समाज मुजफ्फरनगर की सर्व सहमति से तीर्थ क्षेत्रों, मंदिर व साधुओं की रक्षा के लिए सकल जैन युवा संगठन की मुजफ्फरनगर इकाई की स्थापना की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद जैन ने की। संगठन में कुल 31 संरक्षक व 211 आजीवन सदस्यों द्वारा सदस्यता फार्म भरकर सदस्यता

ग्रहण करने के साथ संगठन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए संगठन के सदस्यों ने प्रण लिया कि आगामी धार्मिक सामाजिक कार्यो के सदस्य मिल जुलकर काम करेगें। इस बैठक में मुख्य रूप से श्री दिगम्बर जैन मंदिर बिहारी जी, जसोई जैन मंदिर, तिस्सा जैन मंदिर, रोहाना जैन मंदिर, श्री दिगम्बर जैन मंदिर वहलना, जैन औषधालय प्रेमपुरी व जैन समाज की अन्य संस्थाओं की समस्याओं तथा विवादों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान अत्यंत गम्भीर प्रकरण सामने आया कि श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर अबूपुरा द्वारा शास्त्र भवन बनाने के लिए करीब मात्र 12 गज भूमि जो कि मंदिर जी ने पूर्व में दी थी और वर्तमान में खराब पड़ी है, उसे मांगने पर कुछ पदाधिकारियों द्वारा इंकार करने को गंभीर बताते हुए एक राय होकर निर्णय लिया कि समाज द्वारा आगामी दिनों में संबंधित पदाधिकारियों से शांति पूर्वक चर्चा होगी व समाज के अन्य मुद्दों पर भी संगठन मजबूती से काम करेगा। बैठक में मुख्य रूप से योगेन्द्र जैन एड, चक्रेश जैन, प्रदीप जैन, प्रवीण जैन हुंडई, राजन जैन, नरेन्द्र जैन जोला, विपिन जैन वाटिका, सुनील जैन सिद्धार्थ फर्नीचर, शीतल जैन सीए, अखिलेश जैन एड, विनोद जैन केमिकल, निशांक जैन आदर्श, गुणपाल जैन, वकील चंद जैन, राजकुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

सकल जैन युवा संगठन के अध्यक्ष बने अनुज जैन, महामंत्री पुनीत जैन

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। जैन अतिथि भवन में संपन्न बैठक में सकल जैन युवा संगठन की प्रथम कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से गठन किया गया। नई समिति में अध्यक्ष अनुज जैन वहलना, महामंत्री पुनीत जैन अमीनगर व कोषाध्यक्ष निपुण जैन एड. को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष प्रियांक जैन बाबू, प्रदीप जैन चेतन मेडिकल, उपमंत्री शरद जैन शाहपुर, सहकोषाध्यक्ष शुभम जैन फार्म, प्रचार मंत्री सिद्धांत जैन कवाल, मीडिया प्रभारी अर्हन्त जैन जैन बाल संस्कार एवं सौरव जैन बघरा ने शपथ ली। नई कार्यकारिणी में मुजफ्फरनगर दिगम्बर जैन मंदिरों के 2-2 प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया।

शाहपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर संतरेश रानी को पीएचडी की उपाधि

शाहपुर, 04 सितम्बर (बु.)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर संतरेश रानी को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित दीक्षांत समारोह में मंगलवार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतरेश रानी ने अपना शोध कार्य सनातन धर्म महाविद्यालय मुजफ्फरनगर में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में स्थानीय स्वशासन में महिलाओं की राजनीति सहभागिता एवं जागरूकता पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि है। उनकी इस उपलब्धि का लाभ कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। इसके अलावा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी असिस्टेंट प्रोफेसर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नैनीताल की वादियों में पहुंचे नगरपालिका के 17 सभासद

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् के 17 सभासद नैनीताल की वादियों में भ्रमण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा नीम करौली धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन करते हुए पूजा अर्चना की और शहरवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। बड़ी बात यह रही इस टीम में मुस्लिम सभासद भी भ्रमण ग्रुप में शामिल रहे। नगरपालिका के सभासदों का एक ग्रुप इन दिनों नैनीताल की वादियों में भ्रमण पर है। नगर के विकास को गति देने वाले इन 17 सभासदों के इस ग्रुप ने इस बीच नैनीताल राज्य अतिथि गृह पहुंच विश्राम किया और इसके बाद वो सभी बाबा नीम करौली धाम पहुंचे। यहां बाबा के दर्शन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ ही धाम में पूजा अर्चना करते हुए इन सभासदों ने पालिका के विकास के साथ ही शहरवासियों के हित के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए सभी की सुख समृद्धि व स्वस्थ जीवन की कामना की। इन सभासदों में राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, भाजपा के युवा नेता पूर्व सभासद विकल्प जैन, सभासद हनी पाल, रविकांत शर्मा, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, हिमांशु कौशिक, अमित शर्मा, अमित पाल, रजत धीमान, अमित पटपटिया, सतीश कुकरेजा, अब्दुल सत्तार मंसूरी, अन्नू कुरैशी, सभासद पति नदीम खां और पूर्व सभासद आशुतोष उर्फ आशु गुप्ता शामिल रहे।

गर्भवती महिलाओं की गोद भराई संग पोषण माह का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। मुख्यमंत्री की पहल पर यूपी में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर में आयोजित जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, सीडीओ संदीप भागिया एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारम्भ पर 10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करने के साथ पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती समस्त 10 सैम बच्चों को पोषण पोटली का वितरण किया। इससे पूर्व इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा "राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारम्भ का सजीव प्रसारण भी लाभार्थियों के मध्य किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने अपने उद्बोधन में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव एवं टीकाकरण हेतु लाभार्थियों को प्रोत्साहित करने की बात कही एवं राष्ट्रीय पोषण माह की थीम आधारित गतिविधियों को पूर्ण तन्मयता से कराने का आह्वान किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष के राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य फोकस पोषण से जुड़ी सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार, सामुदायिक सहभागिता को विशेष रूप से मान्यता दी है। इसके तहत समस्त कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से प्रदेश में पोषण आधारित जीवन-चक्र के महत्वपूर्ण चरणों यथा गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के संबंध में जनजागरूकता लाने को प्रचार प्रसार व जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करना है। पोषण अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिला, धात्री माताओं व किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार ने इस वर्ष सितम्बर में आयोजित किये जाने वाले पोषण माह की मुख्य थीम निम्नवत निर्धारित की है। इस थीम में एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टॉक), वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर जोर देने की जरुरत पर बल दिया।

भारत की गुरू शिष्य परंपरा को सम्मान देने का दिन है शिक्षक दिवस

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। परिवार में मां बच्चे की प्रथम पाठशाला है तो इसके बाद उसका मस्तिष्क और भविष्य गढ़ने वाले देव के रूप में शिक्षक आते हैं। हमारी संस्कृति में गुरू का दर्जा भगवान से भी अधिक माना गया है। भले ही आज आधुनिकता के साथ तमाम तरह के बदलाव शिक्षा में आ रहे हैं, लेकिन शिक्षक का दर्जा आज भी पूरे सम्मान के साथ माना जाता है। एक बड़ी बात यह है कि मातृ शक्ति ने शिक्षा के उन्नयन में जो योगदान जिले में दिया है उसे सेल्यूट करते हुए बुलेटिन ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद के प्रमुख शिक्षाविदों से चर्चा कर इस दिवस के विषय में उनके उदगार जाने की कोशिश की।

भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

शिक्षक दिवस भारत में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितंबर को मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन एक प्रख्यात भारतीय दार्शनिक, शिक्षक और राजनीतिज्ञ थे। उन्हें उनके योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। शिक्षक दिवस की शुरूआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितंबर को मनाने के प्रस्ताव से हुई। यह प्रस्ताव उनके कुछ छात्रों और मित्रों द्वारा दिया गया था। 1962 में, जब डॉ. राधाकृष्णन राष्ट्रपति थे, उनके कुछ छात्र और मित्र उनके जन्मदिन को मनाना चाहते थे। हालांकि, डॉ. राधाकृष्णन ने एक भव्य उत्सव के लिए सहमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिन का जश्न मनाने के बजाय, यदि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो यह उनके लिए गौरवपूर्ण होगा। इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया और तब से 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने और सम्मान करने के लिए समर्पित है। डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। राधाकृष्णन का निधन चेन्नई में 17 अप्रैल 1975 को हुआ।



जब मां शिक्षक को बच्चे का हाथ थमाती है तो उसके पीछे बड़ा विश्वास होता है: चंचल सक्सेना

एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना का कहना है कि छात्रों और शिक्षको लिए यह महत्वपूर्ण दिन है। अगर हम राधा कृष्णन जैसा व्यक्तित्व बना पाए तो यह बड़ी बात है। मां जब बच्चे का हाथ शिक्षक के हाथ में पकड़ा कर जाती है तो इसके पीछे उसका एक बड़ा विश्वास होता है। इसी विश्वास के साथ शिक्षकों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अच्छे नागरिक तैयार करने हैं।



शिक्षा ही हमें बनाएगी विश्व गुरुः प्रेरणा मित्तल

श्रीराम कॉलेज की प्रिंसिपल प्रेरणा मित्तल ने कहा कि यह दिन उन सभी चिंतकों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का है, जिन्होंने अनंत काल से शिक्षा के दीप को जलाकर ज्ञान का उजाला फैलाने का काम किया। आज भारत अगर विश्वगुरू बनने की क्षमता रखता है तो इसलिए क्यों कि यहां गुरूकुल और गुरू शिष्य परंपरा को हमेशा आदर दिया गया। दुनिया में आज यहां के छात्र मानवता की सेवा में जुटे हैं। ऐसे गुरूजनों को नमन जो बचपन से लेकर शीर्ष तक शिक्षा की इमारत को मजबूत करने में अपनी मेधा लगा रहे हैं।

अच्छे शिक्षक की कसौटी यह हैः धारा रतन

शारदेन पब्लिक स्कूल के निदेशक विश्व रत्न व प्रिंसिपल धारा रतन का कहना है कि माँ, पिता और शिक्षक में वह शक्ति छिपी है जिससे विद्यार्थी हर कसौटी पर खरा उतरता है। एक अच्छे शिक्षक की कसौटी यह नहीं कि वह विद्यार्थियों से ज्यादा से ज्यादा प्रश्न पूछे और विद्यार्थी उनके तुरंत उत्तर दें बल्कि यह है कि कितने प्रश्न पूछने के लिए छात्रों को प्रेरित करें जिनका उत्तर देना उनके लिए कठिन होता है। शिक्षक दिवस पर हर शिक्षक को नमन इस आशा के साथ की समाज कर्तव्य निर्वहन में सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।

वैदिक काल से लेकर आज तक पुष्पित है गुरु परंपराः सीमा जैन

जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय की प्राचार्या सीमा जैन ने कहा कि भारत में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व विद्यालय इस बात का सुबूत हैं कि हमने शिक्षा को हमेशा सबसे ऊंचा माना। वैदिक काल से लेकर आज तक गुरू का दर्जा सर्वोपरि रहा है। भारत ने दुनिया को ऐसे शिक्षा विद दिए हैं जिन्होंने मानवता की सेवा में बड़ा योगदान दिया है। आज उन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञ होने का दिन है जो वर्तमान के साथ भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

भारतीय वांग्मय गुरु परंपरा के कारण ही समृद्ध : सीमा गोयल

भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सीमा गोयल ने कहा कि हमें अपने परिवार, समाज और देश के साथ मानवता को उच्च मानदंड देने हैं तो शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा गुरू शिष्य प्रणाली रही है। इसी के बल पर भारतीय वांग्मय में ज्ञान की जो समृद्ध परंपरा है उसे पल्लवित पोषित करने का काम गुरूजनों के बल पर ही संभव हो सका। यही परंपरा विश्वगुरू बनाने का काम करेगी।



बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं शिक्षकः मानसी सिंघल

पीआर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने कहा कि शिक्षक वे स्तंभ हैं जिन पर एक राष्ट्र का निर्माण होता है। वे सिर्फ शिक्षा का दान नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शन, प्रेरणा, और आदर्शों का संचार भी करते हैं। शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। उनका समर्पण, प्रेम और धैर्य ही हमें एक बेहतर इंसान बनने में मदद करता है। शिक्षक दिवस पर, हम सभी उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

जब सफल छात्र श्रेय देते हैं तो होता है गर्वः आजाद वीर

ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आजाद वीर का कहना है कि जब कोई छात्र सफल होकर हमें इसके लिए श्रेय देने आते हैं तो हमें गर्व होता है। एक शिक्षक के लिए शिक्षक दिवस आत्ममंथन का दिवस है। शिक्षण चुनौती का दिन है। पढ़ाना और सिखाना दोनों अलग चीज हैं। सिखाने का महत्व पढ़ाने से अधिक जरूरी है। इसके लिए शिक्षकों को तैयार होना चाहिए।

व्यक्तित्व को निखारता है शिक्षकः सान्या निगम पांचाल

चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सैकेंड्री स्कूल की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम पांचाल का कहना है कि जीवन में शिक्षा का महत्व व्यक्तित्व को निखारने और एक सफल और प्रखर नागरिक बनाने में बेहद जरूरी है। हमारी परंपरा ने शिक्षक को सबसे ऊंचा दर्जा दिया तो इसीलिए क्यों कि हजारों साल से हमने शिक्षा के महत्व को समझा है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ परिवार, समाज और देश के निर्माण में शिक्षा का जो महत्व है, उसे देखते हुए एक अच्छा शिक्षक ही सही मार्गदर्शन दे सकता है।

गुरु का कर्ज नहीं उतारा जा सकताः केजी अरोरा

शिक्षा विद प्रोफेसर केजी अरोरा का कहना है कि आज का दिन भारतीय संस्कृति द्वारा गुरू प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन का दिन है। उनका कर्ज नहीं उतारा जा सकता। सोशल मीडिया के समय में टीचर्स का काम बच्चों को नैतिक शिक्षा भी देनी है। नैतिक शिक्षा ना दी तो सभी शिक्षा बेकार है। समाज में आज जिस तरह पाश्चात्य संस्कृति तेजी से बढ़ रही है, उसमें भारतीय जीवन मूल्यों को स्थापित करने के लिए भी गुरूजनों को आगे आना होगा।

शिक्षक के समर्पण और परिश्रम से होती है विद्यालय की नींव मजबूत : पूनम शर्मा

गोल्डन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल पूनम वर्मा ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आपके समर्पण और परिश्रम से विद्यालय की नींव मजबूत होती है। शिक्षकों का सम्मान ही समाज का सम्मान है। आपकी मेहनत और प्रेरणा से विद्यार्थियों के सपनों को पंख मिलते हैं। आपका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। समाज को सशक्त बनाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक दिवस की आपको हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई।

GD GOENKA

छात्र-छात्राओं को गुरुओं का सम्मान करना चाहिए : भारती तिवारी

शिक्षक दिवस पर जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य भारती तिवारी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए एवं शिक्षकों को भी अपने विद्यालय के बच्चों से ऐसा ही प्यार करना चाहिए जैसा वे अपने घर के बच्चों से करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को बच्चों का भविष्य संवारने के लिए काम करने का संकल्प लेना चाहिए।

समाज और युग का निर्माता होता है शिक्षक : नजमा जिलानी

नेशनल मॉर्डन स्कूल की प्रधानाचार्या नजमा जिलानी का कहना है कि शिक्षा जीवन को परिवर्तित करने और इसे नई दिशा देने का काम करती है। यह दायित्व शिक्षकों का है कि बच्चों में नए जीवन मूल्य को रोपित करने के साथ-साथ उन्हें देश और समाज के लिए बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देने का काम करें। समाज और युग का निर्माता शिक्षक हमेशा वंदनीय रहा है। देश और दुनियाभर में शिक्षा की अलख जगाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

पुलिस भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों की किस्मत की गाड़ी जांच को रवाना

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। गत दिनों नगर के विभिन्न केंद्रों पर हुई उत्तर-प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की उत्तर-पुस्तिका ओएमआर शीट को मूल्यांकन हेतु सुरक्षित रवाना किया गया। गत दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। जनपद में उक्त परीक्षा को 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को दो पालियों में 16 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में उक्त परीक्षा को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने के बाद लिखित परीक्षा की उत्तर पुस्तिका व ओएमआर शीट को सुरक्षित रखने हेतु कोषागार में स्ट्रांग रूम बनाया गया था, जिसके लिये त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। आज जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा उत्तर-पुस्तिका ओएमआर शीट को मूल्यांकन हेतु भर्ती बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीलबन्द कर बन्द

बॉड़ी कन्टेनर वाहन में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों के साथ सुरक्षित रवाना किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात व भर्ती परीक्षा नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष कारावास व जुर्माने की सजा

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास तथा अर्थदण्ड की सजा अदालत ने सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 27 जुलाई 2018 को वादी द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अभियुक्त मोहित पाल पुत्र अजय उर्फ अजब सिंह निवासी मौहल्ला जनकपुरी थाना सिविल लाईन द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया है। वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 3/4 पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। 20 सितंबर 2018 को अभियुक्त मोहित पाल उपरोक्त के द्वारा न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोप पत्र 29 सितंबर 2018 को न्यायालय में प्रेषित किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने समस्त गवाहों न्यायालय के समक्ष उपस्थित कराकर गवाही कराई गई। विशेष लोक अभियोजक विक्रान्त राठी की दीपक गौतम की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप आज न्यायालय एडीजे-एक पॉक्सो कोर्ट द्वारा आरोपी मोहित पाल उपरोक्त को धारा 363, 366, 376, भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में 10 वर्ष कठोर कारावास तथा 10,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। एक अन्य मामले में थाना चरथावल पर पंजीकृत मामले में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 02 वर्ष कठोर कारावास तथा 5000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दण्डित किए गए आरोपी का नाम सचिन उर्फ चौटाला उर्फ राठौर पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम रामपुर माजरा थाना देवबंद जनपद सहारनपुर है।

चकबंदी प्रक्रिया के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे किसान

मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)। बुढ़ाना तहसील के गांव उकावली में बीते 13 वर्षो से चकबंदी प्रक्रिया लंबित है। ऐसे में गांव के सात किसानों ने नक्शा बनने के बावजूद चक नहीं कटने के विरोध में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में चकबंदी कार्यालय के सामने भूख हड़ताल शुरू कर दी। भूख हड़ताल पर बैठे किसानों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपते हुए चकबंदी प्रक्रिया शीघ्र चालू कर किसानों को खेती की जमीन पर काबिज कराने की मांग की। ग्राम उकावली के धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि गांव में चकबन्दी प्रक्रिया को लगभग 13 वर्ष हो गये और नक्शा 23 मीटर तैयार है, लेकिन अभी तक चक कटने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इसके विरोध में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चकबंदी कार्यालय के सामने उकावली गांव के किसान कौशल, अवनीश, अनुज, अरविंद, अरविंद त्यागी, अनुज आदि ने चकबंदी विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे गए। भूख हड़ताल पर बैठे इन किसानों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन में कहा कि पिछले 13 सालों से चकबंदी प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है। उधर, डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिला चकबंदी अधिकारी को किसानों की चकबंदी से संबंधित गांवों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को को भविष्य में परेशानी न हो।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद दिल्ली के युवक को सौंपा जिस्म

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। इंस्टाग्राम के जरिए दिल्ली निवासी एक युवक के इश्क में फंसी छपार इलाके की युवती धोखे का शिकार हो गई। शादी का झांसा देकर युवक ने उससे रिश्ते बनाए। बाद में युवक के दूसरी जाति का होने की जानकारी पर महिला ने दूसरी जगह शादी कर ली। जनपद के छपार क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी महिला सोशल मीडिया की शौकीन युवती की चार माह पूर्व इंस्टाग्राम के जरिए दिल्ली के एक युवक से बातचीत शुरू हुई। युवक ने भी खुद को दलित बताया और उसे शादी का झांसा देकर दिल्ली बुलाकर 15 दिन उसके साथ इश्क का इजहार करते हुए शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसकी वीडियो भी बना ली। महिला को पता चला कि युवक दूसरी जाति का है तो वह उसे छोड़कर अपने घर आ गई और दूसरी शादी कर ली। युवती का आरोप है कि उक्त युवक उसे धमकियां दे रहा है। उसकी अश्लील वीडियो उसके मोबाइल पर डाल रहा है और उसे बर्बाद करने की धमकी दे रहा है। उसके भाई को भी जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। महिला ने थाने में तहरीर देकर अपनी व परिजनों की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

घर में रखा कीमती सामान और जेवर चोरी

जानसठ, 04 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखा कीमती सामान और जेवर चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी। मंगलवार की शाम को थाना क्षेत्र की गांव काटका निवासी आबिद पुत्र आशिक ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि वह बिजली फिटिंग का कार्य करता है। वह अपने घर पर ताला लगाकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बिजली फिटिंग का कार्य करने बिजनौर गया हुआ था, जब वह बिजनौर से अपने घर वापस लौटा तो उसने अपने घर का ताला टूटे हुए देखा। घर के अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसने तहरीर में बताया कि अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखा कीमती सामान नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए हैं। उसने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही कर अपना सामान वापस दिलाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि घर में चोरी होने की तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज पर लिया है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

पिकप वाहन ट्रक से भिड़ा, चालक व मालिक घायल

छपार, 4 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर से रद्दी भरकर जा रहा पिकप वाहन राजमार्ग पर बरला गांव के पास एक ट्रक से जा टकराया, जिसमें चालक व मालिक घायल हो गए। बुधवार सुबह छह बजे के लगभग पिकप वाहन में रद्दी भरकर चालक मुजफ्फरनगर के मिमलाना रोड निवासी रियासत अपने गाड़ी मालिक अरिहंत जैन निवासी मोहल्ला कृष्णापुरी के साथ हरिद्वार जनपद के मंगलौर कस्बे के लिए चला था। बरला गांव के पास सामने जा रहे ट्रक से पिकप वाहन टकरा गया, जिससे पीकप सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर छपार पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जिला अस्पताल भिजवा व ट्रक को भी कब्जे में लिया गया है।

मृत पुलिसकर्मी की पत्नी को सौंपा साठ लाख का चेक

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर व बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्वर्गीय आरक्षी अंकुर सहरावत की पत्नी को पुलिस कार्यालय पर 60 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया।

गत छह फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात आरक्षी अंकुर सहरावत निवासी ग्राम व थाना भोपा मुजफ्फरनगर की सड़क हादसे में दुखद मृत्यु हो गयी थी। आरक्षी अंकुर जीआरपी कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह व बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आज स्वर्गीय आरक्षी अंकुर सहरावत की पत्नी सोनिया को 60 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों ने बताया कि स्वर्गीय आरक्षी अंकुर सहरावत का सेलरी अकाउंट उनके यहां था और सड़क हादसे में इनका दुखद निधन हो गया था। आज बैंक की ओर से 60 लाख रुपए का चेक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

द्वारा स्वर्गीय आरक्षी अंकुर की पत्नी को सौंपा गया है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस सैलरी पैकेज के अन्तर्गत बीमा राशि का चेक सौंपने के साथ ही स्वर्गीय आरक्षी अंकुर सहरावत के परिवार का कुशलक्षेम जाना। स्वर्गीय आरक्षी अंकुर सहरावत के परिवार को पुलिस विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के तहत सभी सुविधाए प्रदान की जाएंगी।

मारपीट करने का आरोप लगाया, मुकदमा दर्ज

सिखेड़ा, 04 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने बेटे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी। मंगलवार को क्षेत्र के गांव नंगला मुबारिक निवासी महिला सुमन पत्नी अरविंद ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम को मेरा लड़का गांव में स्थित अंबेडकर तिराहे पर अंडे खाने गया था। वहां पर पहले से मौजूद गांव निवासी सौरभ पुत्र राजेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने मेरे बेटे के साथ मारपीट की। उसने ईट से उसके सिर पर प्रहार कर दिए, जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ में सूरज को छुड़ाया। महिला ने तहरीर में बताया कि उसके बेटे के सिर में काफी गंभीर चोटे आई हैं, जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि झगड़े की तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रिमझिम के बीच छह डिग्री गिरा पारा

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। बुधवार को मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। शहर में तापमान छह डिग्री गिरा और अधिकतम 28.4 व न्यूतनम 23.8 डिग्री पर रहा। इसके

साथ ही 4.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। कई दिनों से धूप, तपिश और उमस भरी गर्मी के बाद बुधवार को अचानक घने बादल छा गए और रिमझि बारिश शुरू हो गई। सुबह से ही हल्की बारिश से तापमान में गिरावट से मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दोबारा सक्रिय हुए मानसून के बीच प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बृहस्पतिवार को हल्की से भारी बारिश की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने 30 से ज्यादा जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में अगले दो दिन गरज चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं, इसके बाद मानसून की सक्रियता में सुस्ती के संकेत हैं।

फाइनेंसकर्मी से लूट के तीन आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

- 58 हजार नगद व लूटा गया टैबलेट किया बरामद
- एक बदमाश हुआ रतनपुरी में हुई मुठभेड़ में घायल

मुजफ्फरनगर, 4 सितंबर (बु.)। थाना रतनपुरी पुलिस की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट से लूट के मामले में एक अभियुक्त को मुठभेड़ में घायल होने के साथ कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार उनके कब्जे से लूटे गए 58000 रुपये नगद व एक सैमसंग टैबलेट तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद की है ।

बीती रात्रि थाना रतनपुरी पुलिस की सरधना रोड पर बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार गत 26 अगस्त को थाना क्षेत्र रतनपुरी के ग्राम नगला के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा भारत फाइनेंस कम्पनी के कलेक्शन एजेंट से नगदी लूट ली गई थी। इस सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। बीती रात जब थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा ग्राम रतनपुरी में रार्धना /सरधना रोड पर पुराने मकान के पास चैकिंग की जा रही थी । तभी ग्राम रार्धना की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा टॉर्च की रोशनी डालकर चैकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया, परन्तु मोटरसाइकिल सवार

अचानक पुलिस टीम को देखकर सकपका कर मोटरसाइकिल को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तथा इस दौरान मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गयी। तभी तीनों बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया तथा दो बदमाश खड़े होकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए जंगल की तरफ भागने लगे तथा एक बदमाश मोटरसाइकिल के नीचे पैर दबा होने के कारण वहीं पड़ा रहा जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके से गिरफ्तार किया गया । बदमाशों द्वारा किए गए फायर से पुलिस टीम बाल बाल बची। पुलिस टीम द्वारा तीनों बदमाशों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में घायल सरफराज उर्फ पाजी पुत्र तौसीफ निवासी ग्राम नाहली थाना सरधना जनपद मेरठ, शाह आलम उर्फ छोटा पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम नाहली थाना सरधना जनपद मेरठ और दिलशाद पुत्र तिजारत निवासी ग्राम भनवाडा थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर बताए गए हैं। उनके कब्जे से 58000 रुपये नगद व एक सैमसंग टैबलेट एक मोटरसाइकिल तीन तमंचे 315 बोर के तीन खोखे व 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

खौलता तेल गिरने से झुलसी महिला की मौत

कैराना, 04 सितम्बर (बु.)। खौलता हुआ तेल डालकर झुलसाई गई महिला की पानीपत हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस पहले ही मुकदमा दर्ज कर चुकी है। महिला की मौत के बाद पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। बागपत के बड़ौत थाना क्षेत्र के गांव कोताना निवासी फाना ने स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि 15 वर्ष पूर्व उसकी बहन इसराना की शादी गांव काकौर निवासी मासूफ के साथ हुई थी। आरोप था कि 21 अगस्त को खाना बनाने के दौरान उसकी बहन से पति द्वारा 50 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसके द्वारा मना करने पर पति ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उसकी बहन के साथ मारपीट की थी। पति पर कढ़ाई में रखे खौलते हुए तेल को गिराने का भी आरोप लगा था, जिसमें इसराना गंभीर रूप से झुलस गई थी। इसके बाद उसे पानीपत के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मामले में पति मासूफ के अलावा वाजिद, वासिद व रिवाजना को नामजद कराया गया था। उधर, पानीपत में भर्ती इसराना की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना का कहना है कि महिला की मौत की सूचना मिली है।

दुष्कर्म पीड़िता को मिली धमकी, गांव से पलायन

कैराना, 04 सितम्बर (बु.)। महिला से दुष्कर्म के मामले में 19 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पक्ष ने फैसला नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस वजह से उसने गांव से पलायन कर दिया है और दूसरे गांव में शरण ली है। मामले में पीड़िता ने एसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को पत्र भेजकर बताया कि गत नौ जून को वह अपने घर से सामान खरीदने के लिए कैराना जा रही थी। रास्ते में कीकरों के पास गांव गंदराऊ निवासी कादिर ने उसे अपनी गाड़ी में लिफ्ट दी थी तथा उसे खाने के लिए मिठाई दी गई थी, जिसे खाकर वह बेहोश हो गई थी। इसके बाद उसे होश आया, तो खुद को सोनीपत एक कमरे में पाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने फिर से उसे नशीली वस्तु सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद कई दिनों तक उसे बंधक बनाकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया गया। बाद में उसे गांव लाया गया, जहां आरोपी 12 अगस्त को तमंचे से आतंकित कर खेत पर ले गया तथा फिर से दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि इस मामले में कैराना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था और उसके बयान भी कोर्ट में दर्ज कराए गए थे। इसके बावजूद आजतक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पक्ष उसके तथा उसके परिवार पर फैसले का दबाव बना रहा है तथा फैसला नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़िता ने बताया कि उसने दहशत में आकर अपने गांव से पलायन कर लिया है, जिसके बाद पास के ही एक अन्य गांव में रह रही है। पीड़िता ने मामले में आरोपी की गिरफ्तारी व परिवार की सुरक्षा कराए जाने की गुहार लगाई है।

मामा-भांजी का प्रेम प्रसंग मौत पर हुआ खत्म

पेड़ पर लटके मिले दोनों के शव तो मची सनसनी

सहारनपुर, 4 सितंबर (एजेंसी)। मामा और भांजी के बीच नाकाम इश्क की मंजिल मौत बन गई। आज नानौता थाना क्षेत्र के गांव खुडाना के श्मशान घाट में नीम के पेड़ पर युवक और लड़की का शव फंदे पर झूलता मिला। बताया गया है कि युवक की शादी देवबंद क्षेत्र में तय हो गई थी। इससे पहले ही उन्होंने यह कदम उठा लिया।

नानौता में खुडाना गांव के बाहरी छोर पर श्मशान घाट बुधवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने देखा कि श्मशान घाट पर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से युवक और किशोरी के शव लटके हुए हैं। पुलिस ने शवों का उतारा तो बाद में युवक की पहचान खुडाना गांव निवासी सचिन सैनी (22) पुत्र लक्ष्मी चंद के रूप में हुई। उसके साथ मौत को गले लगाने वाली17 साल की किशोरी बड़गांव थाना क्षेत्र के गांव दल